आगरा नगर निगम
AGRA NAGAR NIGAM



**Shri Naveen Jain (Mayor)**





**Shri Arun Prakash**
**(Municipal Commissioner)**

**Agra Nagar Nigam Near Sur Sadan, M.G.Road, Agra**
**E-Mail-amcagra1@gmail.com**

अमृत योजना के अन्र्तगत सैप वर्ष 2017–20 आगरा के सौन्दर्यीकरण एवं ग्रीन स्पेस को बढ़ाने हेतु 10 पार्कों के निर्माण का कार्य प्रगति पर हैं। तथा सैप वर्ष 2015–16 व 2016–17 के अन्र्तगत पार्को का कार्य पूर्ण कराया जा चुका हैं।













माह मई 2019 में आगरा नगर निगम की आई.ई.सी. टीम ने इण्डिया राइजिंग के साथ मिलकर वॉल पेटिंग कर लोगों को स्वच्छता हेतु जागरूक किया गया।






















## आगरा नगर निगम की टीम द्वारा मई माह में अतिक्रमण के लिये की गयी कार्यवाही

### हटाये गये अवैध अतिक्रमण का स्थल/स्थान

**दिनांक 01.05.2019**:- नामनेर चौराहा, आगरा मे नगर निगम आगरा के प्रवर्तन दल ने परियोजना अभियन्ता पीयूश कुमार महोदय के सहयोग से नगर निगम के नेतृत्व मे अतिक्रमण अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट की रूकावट को दूर करते हुये स्ट्रीट लाईट के लगाने हेतु जमीन की मापतौल कराते हुये खुदाई का काम प्रारम्भ करवाया। इस अभियान के दौरान प्रवर्तन दल की टीम एंव स्मार्ट सिटी के अधिकारियों को वहाँ के स्थानीय नागरिको के भारी विरोध का सामना करना पडा। इस विरोध को प्रवर्तन दल की टीम ने अपनी सूझबुझ से दूर करते हुये लोगो को सख्त चेतावनी भी दी गयी कि सरकारी काम मे हस्तक्षेप न करें, अन्यथा कानूनी कार्यवाही की जायेगी।















**दिनांक 03.05.2019**:- फतेहाबाद रोड, आगरा में नगर निगम आगरा के प्रवर्तन दल ने स्मार्ट सिटी के सहायक उपाध्यक्ष श्री पंकज मेहरा के सहयोग से नगर निगम के नेतृत्व मे अतिक्रमण अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट की रूकावट को दूर करते हुये नाले की खुदाई का काम प्रारम्भ कराया। साथ ही स्थानीय नागरिकों के भारी विरोध का सामना करना पडा। इस विरोध को प्रवर्तन दल की टीम ने अपनी सूझबुझ से दूर करते हुये लोगो को सख्त चेतावनी भी दी गयी कि सरकारी काम मे हस्तक्षेप न करें, अन्यथा कानूनी कार्यवाही की जायेगी।















**दिनांक 06.05.2019**:- बुन्दू कटरा 1 एवं 2 में नगर निगम आगरा के प्रवर्तन दल, एस.एफ.आई श्री कुलदीपक सिंह के सहयोग से नगर निगम के नेतृत्व मे पॉलिथीन विरोध अभियान चलाया। चलाये गये अभियान में 20 से भी ज्यादा दुकानों पर छापा मारा। छापे के दौरान अभियान मे स्थानीय दुकानदारों द्वारा अवैध रूप से प्रयोग किये जा रहे पॉलिथीन कैरी बैग व अन्य प्लास्टिक सामान जब्त किये और साथ ही **रू0 30,000/-** की धनराशि का शमन शुल्क/यूजर चार्जेज वसूल कर नगर निगम आगरा कोष मे जमा कराया गया।











**दिनांक 10.05.2019**:- देवरी रोड और मधुनगर क्षेत्र में नगर निगम आगरा के प्रवर्तन दल, एस.एफ.आई. श्री राजबहादुर सिंह के सहयोग से नगर निगम के नेतृत्व मे पॉलिथीन विरोधी अभियान चलाया। चलाये गये अभियान में 16 से भी ज्यादा दुकानों और ठेलों पर छापा मारा। छापे के दौरान अभियान मे स्थानीय दुकानदारों द्वारा अवैध रूप से प्रयोग किये जा रहे **1.50 कि0ग्रा0** पॉलिथीन कैरी बैग व अन्य प्लास्टिक सामान जब्त किये और **रू0 18,500/-** की धनराषि का शमन शुल्क/यूजर चार्जेज वसूल कर नगर निगम आगरा कोष मे जमा कराया गया।















**दिनांक 13.05.2019**:- भगवान टॉकिज चौराहा न्यू आगरा क्षेत्र में नगर निगम आगरा के प्रवर्तन दल, एस.एफ.आई श्री राजीव यादव के सहयोग से नगर निगम के नेतृत्व मे पॉलिथीन विरोधी अभियान चलाया। चलाये गये अभियान मे 15 से भी ज्यादा दुकानों और ठेलों पर छापा मारा। छापे के दौरान अभियान मे स्थानीय दुकानदारों द्वारा अवैध रूप से प्रयोग किये जा रहे **2.00 कि0ग्रा0** पॉलिथीन कैरी बैग व अन्य प्लास्टिक सामान जब्त किया और **रू0 13,000**/-की धनराषि का शमन शुल्क/यूजर चार्जेज वसूल कर नगर निगम आगरा कोष मे जमा कराया गया।















**दिनांक 14.05.2019**– बिजलीघर चौराहे पर खाली पडी सरकारी जमीन का निरीक्षण करते हुये वहाँ पर हो रहे स्थायी/अस्थायी अतिक्रमण को हटाने हेतु नगर निगम आगरा के प्रवर्तन दल, आर.आई श्री वैभव यादव, के सहयोग से सहायक नगर आयुक्त महोदय, और नगर निगम के नेतृत्व मे अतिक्रमण अभियान चलाया गया। चलाये गये अभियान मे वहाँ के स्थानीय दुकानदारों से सम्बन्धित जमीन के दस्तावेजों का निरीक्षण किया। साथ ही बिजलीघर चौराहे पर दुकानदारों और ठेलों के द्वारा हो रहे स्थायी/अस्थायी अतिक्रमण को हटवाया और सख्त चेतावनी दी गयी कि भविष्य मे इस तरह की कार्यवाही की पुनरावृत्ति न की जायें अन्यथा कानूनी कार्यवाही की जायेगी।














**दिनांक 14.05.2019**– हाथीघाट क्षेत्र मे मनकामेश्वर मन्दिर से चिम्मन पूडी वाले तक स्थायी/अस्थायी अतिक्रमणो को हटाने हेतु नगर निगम आगरा के प्रवर्तन दल, नगर निगम के नेतृत्व मे अतिक्रमण अभियान चलाया गया। चलाये गये अभियान मे फुटपॉथ पर अवैध ठेलो, और दुकानों को हटवाया। साथ ही पॉलीथीन कैरी बैग, थर्माकॉल, के इस्तेमाल पर रोक एंव कूडा जलाने/फैलाने आदि पर रोकथाम की चेतावनी दी गयी और बताया गया अगली बार से सारा उक्त लिखित सामान जब्त कर आपसे अधिक शमन शुल्क/यूजर चार्जेज नगर निगम आगरा द्वारा वसूला जायेगा एंव आपके खिलाफ वैधानिक कार्यवाही अमल मे लायी जायेंगी जिसके आप स्वंय उत्तरदायी होंगे।














**दिनांक 15.05.2019**– सेंट कोनार्ड स्कूल आगरा मे जमीन का निरीक्षण करने हेतु नगर निगम आगरा के प्रवर्तन दल, जेड.एस.ओ श्री डी0आर0 सिसौदिया एस.एफ.आई श्री जितेन्द्र सिंह के सहयोग से सहायक नगर आयुक्त महोदय, और नगर निगम के नेतृत्व मे अतिक्रमण अभियान चलाया गया। चलाये गये अभियान मे स्कूल की जमीन की नापतौल की तथा गीला और सूखा कूडे का भी निरीक्षण किया और कूडा एक ही जगह इकट्ठा किया हुआ पाया गया जो राज्य सरकार द्वारा गैर कानूनी है और इस सम्बन्ध मे स्कूल वालो को नोटिस दिया।















**दिनांक 15.05.2019**– बाग फरजाना , सिविल लाईन्स, आगरा मे नगर निगम आगरा के प्रवर्तन दल, जेड.एस.ओ श्री डी0आर0सिसौदिया एस.एफ.आई श्री जितेन्द्र सिंह अवर अभियन्ता श्री पी0एस0 निरंजन, के सहयोग से नगर निगम के नेतृत्व मे अतिक्रमण अभियान चलाया जाना था लेकिन उक्त क्षेत्र के पार्शद श्री संजय राय से बातचीत करने से पता चला की जिस व्यक्ति के द्वारा 4/114 सी का पता प्रार्थना पत्र मे दिया था उस नाम का कोई भी पता मौजूद नही है एंव प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र मे आपना कोई भी पता और मोबाईल नम्बर नही दिया है जिससे सम्पर्क किया जा सकें इससे यह साबित होता है कि उक्त प्रार्थना पत्र सही नही है।














**दिनांक 16.05.2019**– सैंट पैट्रिक स्कूल आगरा मे जमीन का निरीक्षण करने हेतु नगर निगम आगरा के प्रवर्तन दल, कर निर्धारण अधिकारी श्री एस0सी0 भारती एवं कर अधीक्षक श्री सोवरन सिहं के सहयोग से नगर निगम के नेतृत्व मे निरीक्षण किया गया। किये गये निरीक्षण में स्कूल के जमीन की नापतौल की तथा गीले और सूखे कूडे का भी निरीक्षण किया गया साथ ही निरीक्षण के दौरान स्कूल में कूडा जला हुआ पाया गया जो कि राज्य सरकार द्वारा गैर कानूनी और पर्यावरण के लिये हानिकारक है। इस सम्बन्ध मे स्कूल प्रसाशन को नोटिस दिया गया।











**दिनांक 16.05.2019**– सैंट एन्थोनी जूनियर स्कूल, आगरा कैन्ट का नगर निगम आगरा के प्रभारी प्रवर्तन दल कर्नल ए0के0सिंह (से0नि0), जेड0एस0ओ श्री सुरेन्द्र सिंह यादव, एस0एफ0आई श्री इन्द्रपाल सिंह एंव सुपरवाईजर अनिल कुमार के सहयोग से नगर निगम के नेतृत्व मे निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्कूल में कूडा जला हुआ पाया गया जो कि राज्य सरकार द्वारा गैर कानूनी और पर्यावरण के लिये हानिकारक है। इस सम्बन्ध मे स्कूल प्रशासन के खिलाफ पुलिस मे प्राथमिकी (एफ.आई.आर) दर्ज करायी।








**दिनांक 21.05.2019**– राजपुर चुंगी क्षेत्र में होटल रीगल इन से लेकर यूनियन बैंक तक एंव यूनियन बैंक से लेकर होटल रीगल तक सड़क की दूसरी पट्टी पर, स्थानीय दुकानदारों/नागरिकों द्वारा किये गये अवैध अस्थायी/स्थायी अतिक्रमणों को हटाने हेतु आगरा नगर निगम के कर्नल ए0के0सिंह (से0नि0), प्रर्वतन दल, सी0ओ ताजगंज विजय जैसवाल एंव पुलिस प्र-ासन, सी.एस.एफ.आई श्री अमान :ाहिद, एस.एफ.आई श्री लक्की शर्मा के सहयोग से नगर निगम के नेतृत्व में अतिक्रमण अभियान चलाया गया। चलाये गये अभियान में फुटपॉथ/सड़क के दोनो तरफ अवैध रैम्प,टीन शेड, होल्डिंग बोर्ड, खोखे आदि को तोडा एंव टूटे हुये सामान को नगर निगम स्टोर मे जमा कराया गया तथा अतिक्रमण अभियान के दौरान **रू0-45,000**/-का शमन शुल्क/यूजर चार्जेज और **रूपये 5000** कूडा जलाने का जुर्माना वसूल कर नगर निगम आगरा कोष में कुल **रूपये 50,000** जमा कराये गये।










**दिनांक 22.05.2019**– राजपुर चुंगी क्षेत्र में शहीद नगर पुलिस चौकी से लेकर कैहरई मोड़ तक एंव कैहरई मोड से लेकर देवीराम फूड एंड रेस्टोरेन्ट तक स्थानीय दुकानदारों/नागरिकों द्वारा किये गये अवैध अस्थायी/स्थायी अतिक्रमणों को हटाने हेतु आगरा नगर निगम के कर्नल ए0के0सिंह (से0नि0), प्रर्वतन दल, :ाहीद नगर पुलिस चौकी इन्चार्ज अमित कुमार, पुलिस बल, सी.एस.एफ.आई श्री अमान :ाहिद, एस.एफ.आई श्री लक्की :ार्मा के सहयोग से नगर निगम के नेतृत्व में अतिक्रमण अभियान चलाया गया। चलाये गये अभियान में फुटपॉथ/सड़क के दोनो तरफ अवैध रैम्प,टीन शेड, होल्डिंग बोर्ड, खोखे आदि को तोडा एंव टूटे हुये सामान को नगर निगम स्टोर मे जमा कराया गया तथा अतिक्रमण अभियान के दौरान **रू0–2,68,000**/–का शमन शुल्क/यूजर चार्जेज वसूल कर नगर निगम आगरा कोष में जमा कराया गया। साथ अवगत कराना है कि सैंट पैट्रिक स्कूल में जेड0एस0ओ श्री सुरेन्द्र यादव, एस.एफ.आई श्री जितेन्द्र सिंह, आर.आई श्री वैभव यादव के सहयोग से कर्नल ए0के0सिंह (से0नि0) और सहायक नगर आयुक्त महोदय श्री अनुपम शुक्ला के नेतृत्व मे स्कूल प्रशासन को कूडा जलाने के खिलाफ नोटिस दिया गया










**दिनांक 28.05.2019**– शास्त्री नगर खन्दारी क्षेत्र में नगर निगम आगरा के प्रवर्तन दल, एस.एफ.आई श्री जितेन्द्र सिंह, के सहयोग से कर्नल ए0के सिंह (से0नि0) के नेतृत्व मे पॉलिथीन विरोध अभियान चलाया गया। चलाये गये अभियान मे 20 से भी ज्यादा दुकानो पर छापा मारा। छापे के दौरान अभियान मे स्थानीय दुकानदारो द्वारा अवैध रूप से प्रयोग किये जा रहे लगभग **3.5 कि0ग्रा0** पॉलिथीन कैरी बैग व अन्य सामान जब्त किये और **रू0 38,000/-** की धनराशि का शमन शुल्क/यूजर चार्जेज वसूल कर नगर निगम आगरा कोश मे जमा कराया गया।















**दिनांक 29.05.2019**– मीनाक्षी एन्कलेव, शाहगंज आगरा में वहाँ के स्थानीय नागरिक द्वारा सड़क पर किये गये अवैध अतिक्रमण/रैम्प को तोडने हेतु आगरा नगर निगम के प्रवर्तन दल, पुलिस बल, सहायक अभियन्ता श्री अ-ोक कुमार शर्मा, अवर अभियन्ता श्रीमती पूनम कुमारी, के सहयोग से कर्नल ए0के0सिंह (से0नि0) के नेतृत्व मे अतिक्रमण अभियान चलाया गया। चलाये गये अभियान मे स्थानीय नागरिक द्वारा सडक पर निर्मित की गयी अवैध फुलवारी को ध्वस्त किया।





**दिनांक 30.05.2019**– एस.पी.सिटी एंव सी.ओ ताजगंज के आदेशानुसार, ताजमहल पूर्वी गेट से िाल्पग्राम तक, स्थानीय दुकानदारों/नागरिकों द्वारा किये गये अवैध अस्थायी/स्थायी अतिक्रमणों को हटाने हेतु आगरा नगर निगम के, प्रर्वतन दल, जेड. एस.ओ श्री महेन्द्र सिंह, सी.एस.एफ.आई श्री अमान :ाहिद, के सहयोग से कर्नल ए0के0सिंह (से0नि0) के नेतृत्व में अतिक्रमण अभियान चलाया गया। चलाये गये अभियान में फुटपॉथ/सड़क पर लगे अवैध रैम्प, 2 टीन शेड, 3 होल्डिंग बोर्ड, आदि को तोडा एंव टूटे हुये सामान को नगर निगम स्टोर मे जमा कराया गया। साथ ही अवगत कराना है कि अतिक्रमण का कार्य पूर्ण नही हो सका क्योंकि यह क्षेत्र नगर निगम सीमा के अन्तर्गत नही आता है यह क्षेत्र पुरातत्व विभाग की सीमा के अन्तर्गत आता है।






**उ0प्र0 प्लास्टिक और अन्य जीव अनाशित कूड़ा-कचरा (विनियमन) अधिनियम, 2000 एवं अधिसूचना दिनांक 15 जुलाई, 2018 के तहत निर्गत माह मई 2019 में की गयी कार्यवाही-**

| जप्त की गयी कुल सामग्री | कुल जुर्माना (रू0) |
|---|---|
| 337 किग्रा | 1,95,500.00 |

**कर्मचारी सेवानिवृत्ति** : नगर निगम, आगरा में कर्मचारी के सेवानिवृत्त होने पर प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी को उनके सेवानिवृत्ति उपरान्त देय भुगतानों के लिए एवं पेंशन स्वीकृति के लिये कार्यालय के चक्कर लगाना न पडे। इस हेतु नगर निगम, आगरा द्वारा प्रत्येक माह के अन्तिम दिन सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को उनके समस्त देयों के भुगतान के चैक एवं पी0पी0ओ0 ससम्मान विदाई समारोह आयोजित करके हस्तगत किये जाते हैं।

माह जनवरी 2019 में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दिनांक 31.05.2019 को सेवानिवृत्त देय भुगतान के चैक एवं पी0पी0ओ0 वितरित किये गये। कुल 8 सेवानिवृत्त कर्मचारी को विदाई समारोह में फूलमाला एवं शॉल पहना कर सम्मानित किया गया और कुल धनराशि रू. 81,11,761.00 का चैक वितरण किया गया।